अत्यंत महत्वपूर्ण

संख्या– 2778/ 26–3–2010

प्रेषक,

बलविन्दर कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

समाज कल्याण अनुभाग–3 लखनऊ, दिनांक, 23 जुलाई 2010

विषयः– शादी अनुदान योजनान्तर्गत लम्बित आवेदन पत्रों के त्वरित निस्तारण के संबंध में।

महोदय,

शासन के संज्ञान में लाया गया है कि शादी अनुदान योजनान्तर्गत बहुतायत संख्या में आवेदन पत्र जनपदों में लम्बित हैं, जिनमें पिछले वर्ष के भी आवेदन पत्र हैं। विगत वर्ष के आवेदन पत्रों पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। दिनांक 21–7–2010 को आयोजित मा0 प्राक्कलन समिति की बैठक में प्रश्नगत प्रकरण को भी संज्ञान में लिया गया था जिसमें जनपद गाजीपुर, सीतापुर एवं बलिया में विगत वर्षो के लम्बित पड़े प्रार्थना पत्रों का निस्तारण न करके नवीन प्रार्थना पत्रों के निस्तारण किये जाने से उत्पन्न स्थिति पर मा0 समिति द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया।

अतएव इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने जनपद में लम्बित आवेदन पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर एक माह में निस्तारित करके शासन को अवगत कराने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(बलविन्दर कुमार)
प्रमुख सचिव

संख्या–2778 (1)/26–3–2010 तददिनांकः

प्रतिलिपि निदेशक समाज कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ को उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराने हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(शशि कमल गोस्वामी)
अनुसचिव